ROLL NO.

डी.ए.वी.बी.आर.पब्लिक स्कूल, बीना

नमूना प्रश्नपत्र (2023-24)

कक्षा:पाँचवी **विषय:हिंदी**

समय सीमा :-2 घंटे **पूर्णांक: -50**

अंक

सभी प्रश्न अनिवार्य है ।

प्रश्न-1- सही विकल्प चुनकर उत्तर लिखिये- **1*5=5**

क- बेट्टिना लगभग कितने मीटर ऊपर उछली ?

i- तीन ii- आठ

iii- पाँच iv- सात

ख- बाबा भारती के घोड़े का क्या नाम था ?

i- राजा ii- चेतक

iii- सुल्तान iv- बिजली

ग- 'राजा' का विलोम शब्द क्या है ?

i- सजा ii- रंक

iii- योद्धा iv- खाजा

घ- 'शरीर' का पर्यायवाची शब्द कौन सा नही है ?

i- तन ii- काया

iii- बदन iv- गगन

ड- वन का समानार्थी शब्द कौन सा नही है ?

i- जंगल ii- अरण्य

iii- अर्नव iv- कानन

प्रश्न-2- निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सही या गलत में दीजिये- **1*5=5**

क- **'**हृदय पर साँप लोटना**'** का अर्थ है ईर्ष्या करना ।

ख- दीपावली का त्योहार पूर्णिमा के दिन आता है ।

ग- 'आफत' का समान अर्थ वाला शब्द 'मुसीबत' है ।

घ- 'संधया' सही तरीके से लिखा हुआ शब्द है ।

ड- 'अन्याय' में 'अ' प्रत्यय है ।

प्रश्न-3- रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिये- (कोई पाँच) **1*5=5**

क- कभी न करती वह ------------------ ।

ख- एक ----------- सारे तालाब को गंदा करती है ।

ग- फूलों ------------ डालियाँ झुक गई ।

घ- राज्य के बुद्धिमान व्यक्तियों की एक बैठक ---------- ।

ड- आसमान में चाँद का आकार ------------------ रहता है ।

च- बढ़ता दूना उत्साह ------------- ।

प्रश्न-4- नीचे लिखे कथन किसने कहे,किससे कहे, लिखिये- **1*2=2**

क- अब कोई भी गरीब की सहायता से मुँह न मोड़ेगा ।

ख- भारत जाने की दिशा और सही रास्ता बताओ ।

प्रश्न-5- सही शब्दों से मिलान कीजिये- **1*4=4**

कोशिश	घड़ी
रसोई	प्रयास
संघर्ष	घर
शुभ	युद्ध

प्रश्न-6- निम्नलिखित शब्द , लोकोक्ति या मुहावरे का वाक्य प्रयोग कीजिये- **1*5=5**

क- खोदा पहाड़ निकली चुहिया **ख-** मुँह मोड़ लेना **ड-** दीन

ग- बढ़-चढ़ कर बातें करना **घ-** खाली

प्रश्न-7- कोई पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिये- **2*5=10**

क- महंत ने गोबर्धनदास को कैसे बचाया ?

ख- कलिंग के राजा ने गुप्त बैठक क्यों बुलाई ?

ग- बाबा भारती ने डाकू खड्गसिंह से क्या प्रार्थना की और क्यों ?

घ- बेट्टिना सफलता के शिखर पर फिर से किस प्रकार पहुँची ?

ड- पूर्णिमा और अमावस्या तिथि को आने वाले दो-दो त्योहारों के नाम लिखिये ।

च- सफलता प्राप्त करने के लिए क्या आवश्यक है ?

छ- चंद्रग्रहण का चित्र बनाइये और बताइये चंद्रग्रहण कैसे लगता है ?

प्रश्न-8- 'विज्ञान के चमत्कार'पर 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिये । **4**

प्रश्न-9- कक्षा में प्रथम स्थान आने पर अपने मित्र को बधाई पत्र लिखिये । **अथवा** **4**

26 जनवरी मनाने के अनुभव को डायरी के रूप में लिखिये ।

प्रश्न-10- मान लीजिये आपका 'भाषा माधुरी' कोई ले जाता है ।' भाषा माधुरी' खो जाने की सूचना आप कैसे देंगे? एक सूचना बनाइये । **अथवा** **4**

आर्थिक स्थिति ठीक न होने के कारण शुल्क माफ़ी हेतु प्राचार्य जी को आवेदन पत्र लिखिये ।

प्रश्न-11 केस स्टडी आधारित प्रश्न- **1*2=2**

पेड़ों का जीवन दूसरों की भलाई के लिए होता है,क्योंकि वे धरती को हरा-भरा रखते हैं।छाया,फल,फूल,शुद्ध वायु आदि देते हैं।उनमें पक्षी अपना घोंसला बनाकर रहते हैं।पेड़ों के कारण ही धरती पर जीवन का अस्तित्व है।धरती पर संतों की तरह जीवन जीने वाले पेड़ों का रख रखाव भी बहुत आवश्यक है ।

क- कल्पना कीजिये कि यदि धरती पर पेड़ नही होंगे तो क्या होगा ?

ख- जो वस्तुएँ पेड़ों से मिलती हैं,यदि पेड़ नही होंगे तो वह वस्तुएँ हमें कैसे मिलेंगी?